पंजाब केसरी 30/07/2023

साप्ताहिक उत्सव के दौरान कालेज विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण

अम्बाला, 29 जुलाई (कोचर): जी.एम.एन. कालेज में एन.एस.एस. यूनिट के द्वारा साप्ताहिक पौधारोपण उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपने घर के प्रांगण में पौधारोपण किया एवं संकल्प किया कि आने वाले दिनों में भी इस तरह के सात्विक कार्य में लगे रहेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करेंगे। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि आज का लगाया पौधा आगे की अनेक पीढ़ियों को लाभ देगा।

पौधारोपण करते कालेज के विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि पौधारोपण पृथ्वी के संतुलन के लिए बहुत आवश्यक है। डा. सरोज ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपने घर के प्रांगण के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्रों में भी पौधारोपण किया।

डा. अनीश कुमार ने बताया कि आज व्यक्ति कृत्रिम ऑक्सीजन के लिए तड़प रहा है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाएं, ताकि आने वाले दिनों में ऑक्सीजन की कमी न रहे।